卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 298 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦9 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## मनीष सिसौदिया को मिली जमानत

### दस लाख का मुचलका, हफ्ते में दो दिन थाने में देन होगी हाजिरी

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री सिसोदिया को 17 महीने जेल में रहने के बाद जमानत मिल गई है।कथित शराब घोटाले में ट्रायल शुरू होने में हुई देरी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में सिसौदिया को जमानत दी है। अभी मनीष सिसोदिया तिहाड़ की जेल नम्बर-1 में बंद हैं। तिहाड़ सूत्रों के मुताबिक, जेल में जब बेल का ऑर्डर आएगा, जमानती साथ आएंगे और बेल बॉन्ड भरा जाएगा तब उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीआर



गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर 6 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को इस पर फैसला देते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि 17 महीने की लंबी कैद और मुकदमा शुरू न होने के कारण उन्हें सुनवाई के अधिकार से वंचित किया गया है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 400 से ज्यादा गवाहों को देखते हुए जल्द ही इसका ट्रायल पूरा होने की संभावना भी नहीं दिखती। मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वो समाज के सम्मानित व्यक्ति हैं और उनके भागने की आशंका भी नहीं है। साथ ही ये भी कहा कि इस मामले में ज्यादातर सबूत भी जुटाए जा चुके हैं, इसलिए उनके साथ छेड़छाड़ करने की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, गवाहों को प्रभावित करने या डराने के मामले में (शेष पृष्ठ सात पर)

## अतिथि शिक्षकों ने किया मुख्यमंत्री आवास कूच

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के 4000 से अधिक अतिथि शिक्षक कार्य बहिष्कार पर हैं। अतिथि शिक्षकों का आरोप है कि बीते दिनों स्थाई अध्यापकों के स्थानांतरण के बाद उनकी जगह सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में शिफ्ट किया जा रहा है। अपनी इन्हीं मांगों को लेकर बीते एक सप्ताह से अतिथि शिक्षक ननूरखेड़ा



स्थित शिक्षा निदेशालय पर धरना दे रहे हैं। गुरुवार को सभी अतिथि शिक्षकों ने अपनी इसी मांग को लेकर सचिवालय में प्रदर्शन करने को लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## लापता नर्स का शव बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई नर्स का शव सड़ी गली अवस्था में झाड़ियों से बरामद किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नर्स की मौत को लेकर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार काशीपुर हाईवे स्थित वसुंधरा कॉलोनी निवासी साहिबा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी उसकी 32 वर्षीय बहन तस्लीम जहां सिविल लाइंस स्थित एक हड्डी रोग विशेषज्ञ के यहां नर्स का कार्य करती थी। 30 जुलाई की देर शाम तक जब नर्स घर नहीं पहुंची। तो परिवारजनों ने खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन नर्स का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर 32 वर्षीय तस्लीम जहां की गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। गुरुवार की देर शाम कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि लापता नर्स का शव डिबडिबा यूपी स्थित खाली पडे प्लांट की झाड़ियों में सड़ी-गली अवस्था में मिला है। सूचना मिलते ही कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। जहां यूपी पुलिस और रूद्रपुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पड़ताल में प्रबल संभावना है कि नर्स की हत्या कर शव को यूपी इलाके में फेंक दिया गया है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। लापता वहां कैसे, किसके साथ पहुंची। इन सभी बिंदुओं पर जांच हो रही है।

## नाले में बहा मैक्स वाहन,एक की मौत,छह घायल

टनकपुर (उद संवाददाता)। भारी बरसात के बीच टनकपुर किरोड़ा नाले में मैक्स वाहन तेज बहाव में बहने से एक महिला की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गये। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने राहत और बचाव कार्य प्रारंभ कार्य शुरू किया। उपजिला अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक टनकपुर पूर्णागिरि मार्ग में किरोड़ा बरसाती नाले के रपटे में शुक्रवार सुबह एक मैक्स जीप तेज बहाव में बह गई। बताया जा रहा है कि हादसे में एक बच्ची की मौत हुई है। रेस्क्यू टीम ने सात यात्रियों को नाले से बाहर निकाल लिया । जिसमें से एक मृतक बच्ची भी है। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार लोग जनपद उधमसिंह नगर के ग्राम पकड़िया के रहने वाले हैं। छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। उप जिलाधिकारी टनकपुर आकाश जोशी ने बताया है कि वाहन में कुल 9 लोग सवार थे, जिनमें से 7 लोगों को निकाल लिया गया है। दो लोगों की खोजबीन जारी है। एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली थी कि टनकपुर पूर्णागिरि मार्ग पर बरसाती नाले में मैक्स वाहन बह गया है। सूचना मिलते ही रेस्क्यू के लिए मौके पर दो टीम को रवाना किया गया। बताया कि टीम ने मौके पर पहुंचकर चार लोगों को बाहर निकाला। इससे पूर्व





प्रशासन की टीम ने पोकलैंड की मदद से तीन लोगों को नाले से बाहर निकाला। जानकारी में आया है कि जीप में 9 लोग सवार थे। सात लोगों को टीम द्वारा रेस्क्यू किया जा चुका है, जबकि दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। मृतका का नाम बलविंदर कौर बताया जा रहा है जबकि घयलों में पवनदीप कौर, निवासी ग्राम हरदुलिया (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरों का आतंक,एक ही रात में चार घरों को खंगाला

### लाखों के जेवर, नगदी व मोबाईल सामान किया चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प में गंगापुर मार्ग स्थित कृष्णा ग्रीन कालोनी में अज्ञात चोरों ने चार घरों के ताले तोड़ वहीं से लाखों रूपये कीमत के ज्रवरात व हजारों की नगदी सहित चार मोबाईल चोरी कर लिये। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर गृह स्वामियों से आवश्यक जानकारी ली और मौके का सूक्ष्म निरीक्षण किया। चोरी की सभी घटनाओं की पुलिस को तहरीर दे दी गई है। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में स्थित कृष्णा ग्रीन कालोनी निवासी कृष्ण





पाल पुत्र रामकुमार, ओमप्रकाश मौर्या पुत्र दाता राम, करन पुत्र चन्द्रपाल व पप्पू प्रजापति पुत्र नेम चन्द्र के घरों में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कृष्ण पाल ने बताया कि रात्रि करीब 11 बजेउपरिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गया थे। आज सुबह 5.30 बजे उठकर देखा सारा सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात चोर घर(शेष पृष्ठ सात पर)

## हथियारबंद लोगों ने पैट्रोल पम्प कर्मियों पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि पैट्रोल पम्प से ड्यूटी समाप्त कर घर वापस लौट रहे कर्मी पर कुछ लोंगों के हमला करने के बाद उसके बचाव में आये अन्य कर्मियों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में भूपेन्द्र कुमार पुत्र घासीराम निवासी वार्ड 8 शिवनगर, ट्राजिट कैम्प ने कहा है कि वह सीएस ग्रीन फियुल एचपी पेट्रोल पम्प ट्राजिट कैम्प में कार्यरत है । 7 अगस्त की पेट्रोल पम्प के कार्यालय में हिसाब देकर घर की ओर जा रहा था। मार्ग में परशुराम चौक से पहले कुछ लोगो ने उसे घेर लिया एवं मारपीट करते हुए उसका मोबाईल छीनने का प्रयास किया । जिस पर वह अपना बचाव करते हुए वापस पेट्रोल पम्प भाग कर आया एवं घटना की सूचना पेट्रोल पम्प के सहकर्मी को दी। सभी वापस घटना स्थल पर गये और एक हमलावर को पकडकर पेट्रोल पम्प लेकर आये। तभी कुछ लडके बाईक से लाठी डन्डे, धारदार हथियार व साईकिल का चौनस्पोकेट से बनाया हुआ हथियार से लैस होकर आये और उसके सिर पर जानलेवा वार किया जिसमे उसे गम्भीर चोट आई। हमलावरों ने कार्यरत सहकर्मी योगेश, जय प्रकाश व सूरज के साथ भी मारपीट की। अन्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया और



मुख्यमत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान राष्ट्रीय योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष डा. एसपी भारद्वाज ने कहा कि बांग्लादेश में जानबूझकर हिंदुओं (शेष पृष्ठ सात पर)

## अगस्त क्रांति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

किच्छा (उद संवाददाता)। अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता





संग्राम सेनानी स्मारक नारायणपुर तिराहे पर आयोजित समारोह में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और भाजपा जिला प्रभारी पुष्कर काला ने संयुक्त रूप से पुष्प चक्र अर्पित कर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। गौरांग शिक्षा मंदिर कनकपुर के बच्चों ने स्वास्तिक मंत्र एवं संस्कृत में राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा, ष्अगस्त क्रांति दिवस भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जब महात्मा गांधी के नेतृत्व में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

# सीएम धामी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से की भेंट

## मुख्यमंत्री ने राज्य की अन्य नदी घाटियों पर स्थित परियोजनाओं के त्वरित विकास एवं निर्माण की अनुमति प्रदान किए जाने का अनुरोध

नई दिल्ली/देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए जल एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं। जल विद्युत परियोजनायें राज्य की सकल घरेलु उत्पाद में वृद्धि का मुख्य कारक हैंउन्होंने प्रस्तावित 70 परियोजनाओं में से केवल 7 परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है उन्हीं का निर्माण जारी रखने एवं कोई भी नई परियोजना प्रारंभ न किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को अवगत कराया कि उत्तराखण्ड की सीमा में गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के अतिरिक्त अन्य नदी विकास एवं निर्माण की अनुमति प्रदान किए जाने का अनुरोध केंद्रीय मंत्री से किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में बनने वाली जमरानी बांध बहुउद्देश्यीय परियोजना से हल्द्वानी एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में वर्ष 2051 तक की अनुमानित जनसंख्या के लिए 170 एमएलडी पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश में लगभग लागत PMKSY &AIBP के अंतर्गत वित्त पोषण की स्वीकृति का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से इंटर मिनिस्टीरियल कमेटी की मार्च 2023 में हुई बैठक में राज्य के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की 170.57 करोड़ लागत की 15 परियोजनाओं के लिए शत प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण की संस्तुति पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध परियोजना के कार्यान्वयन में हो रहे विलम्ब की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना देहरादून जिले में यमुना नदी पर 204 मीटर ऊंचा बाँध बनाया जाना है। इसका निर्माण राज्य की जल विद्युत उत्पादन कम्पनी यूजेवीएन लि0 द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के जनपदीय एवं हाइड्रो मैकेनिकल कार्यों की डिजाइन जो इसकी नियमित समीक्षा कर रही है। जल संसाधन, नदी विकास एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा हाल ही में 11-12 जुलाई को परियोजना स्थल के भ्रमण के उपरान्त समीक्षा बैठक की गयी थी। जिसमें केन्द्रीय जल आयोग से लगभग दस वर्ष पूर्व से किए गए अनुबंध के सापेक्ष अभी तक अपेक्षित ड्राइंग प्राप्त न होने के कारण कार्य प्रभावित होने का





कहा कि उत्तराखण्ड की विद्युत ऊर्जा की मांग की पूर्ति के लिए खुले बाजार से प्रतिवर्ष 1000 करोड़ की ऊर्जा का क्रय किया जाता है। राज्य में उपलब्ध जल स्त्रोतों से लगभग 25 हजार मेगावाट जल विद्युत क्षमता का आंकलन किया गया है, परंतु वर्तमान में केवल 4200 मेगावाट क्षमता का ही दोहन हो पा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रमुख सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय की अध्यक्षता में हुई समीक्षा में अलकनंदा एवं भागीरथी नदी घाटी में घाटियों पर प्रस्तावित जल विद्युत परियोजनाओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि केंद्रीय जल आयोग/जल संसाधन मंत्रालय द्वारा राज्य की अन्य नदी घाटियों यथा धौलीगंगा, गौरीगंगा पर पिथौरागढ़ जनपद में प्रस्तावित परियोजनाओं के विकास के लिए भी अनुमोदन प्रदान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने राज्य की अन्य नदी घाटियों पर स्थित परियोजनाओं के त्वरित 57,000 हेक्टेयर कृषि भूमि हेतु सिंचाई के लिए जल उपलब्ध होगा।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत इस परियोजना के निर्माण के लिए 1730.21 करोड़ वित्त पोषण हेतु अक्टूबर 2023 में भारत सरकार से स्वीकृत हुए हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि वर्ष 2023 के प्राइस लेवल के स्तर पर परियोजना की लागत 3808.16 करोड़ है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से पुनरीक्षित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून जनपद के सहसपुर विकासखंड में स्वारना नदी पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जलाशय का निर्माण 203.3 करोड़ की लागत से किया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना के इंटर स्टेट क्लीयरेंस का प्रकरण अपर यमुना बोर्ड में विचाराधीन है। इसके लिए भी मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखण्ड की लखवाड़ बहुउद्देशीय एंव इंजीनियरिंग के लिए केन्द्रीय जल आयोग भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पत्र काफी पहले सितंबर, 2013 में हस्ताक्षरित किया गया था। जनपदीय कार्या की टेंडर ड्राइंग्स दिसम्बर, 2021 में केन्द्रीय जल आयोग द्वारा निर्गत की गयी है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठन की गई है। प्रकरण संज्ञान में लाया गया था। इस प्रकरण में तत्समय परियोजना के निर्माण हेतु छः माह में प्राथमिकता के आधार पर ड्राइंग निर्गत करने हेतु केन्द्रीय जल आयोग में एक अलग सेल गठित किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई है। मुख्यमंत्री ने परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने हेतु जल शक्ति मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय जल आयोग से प्राथमिकता पर ड्राइंग निर्गत करने के संबंध में शीघ्र कार्रवाई के निर्देश हेतु भी केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया।

# निकाय चुनाव की तैयारी तेज: दो नए नगर निगम बनाएगी सरकार

## नगर पालिका अल्मोड़ा और नगर पालिका पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने का प्रस्ताव

देहरादून। राज्य में नगर निकायों के चुनाव अक्तूबर के आखिरी सप्ताह में होंगे। सरकार ने इस टाइमलाइन के साथ तैयारियां तेज कर दी हैं। ओबीसी आरक्षण से लेकर निकायों के परिसीमन आदि की सभी तैयारियां 15 सितंबर से पहले पूरी कर ली जाएंगी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेज दिया जाएगा। वहीं, सरकार ने निकाय चुनाव से पहले अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने की कवायद भी तेज कर दी है। प्रदेश में नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों का कार्यकाल पिछले साल दो दिसंबर को पूरा हो गया था। छह माह यानी दो जून तक के लिए निकाय प्रशासकों के हवाले हो गए थे। इस अवधि में चुनाव न होने के चलते सरकार ने तीन माह के लिए अवधि बढ़ा दी थी। इस बीच हाईकोर्ट के आदेश आए और सरकार ने अंतिम टाइमलाइन तय कर ली है। राज्य में अक्तूबर के अंतिम सप्ताह में निकाय चुनाव होंगे। इससे पहले 15 सितंबर तक ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए नियमावली आदि का काम पूरा होगा। निकायों का परिसीमन, वोटर लिस्ट का काम भी तब तक पूरा करने की समय सीमा रखी गई है। उधर, सचिव शहरी विकास नितेश झा ने बताया, निर्धारित समय सीमा में निकाय चुनाव कराने के लिए तैयारी तेज कर दी गई हैं। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम देहरादून के 54 वार्डों का परिसीमन 15 दिन के भीतर सुधार कर शासन को भेजा जाए। इस समय सीमा में ओबीसी आरक्षण व वोटर लिस्ट का काम भी पूरा करना है, ताकि निकाय चुनाव में कोई अड़चन पेश न आए। नगर पालिका अल्मोड़ा और नगर पालिका पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने के लिए शासन स्तर से जिलाधिकारी को पत्र भेज दिया गया है। डीएम की ओर से इन निकायों को निगम बनाने के लिए सीमांकन संबंधी पूरी प्रस्ताव शासन को भेजा जाना है। माना जा रहा कि चुनाव से पहले ही सरकार इन्हें निगम बनाएगी। उधर नगर पालिका रामनगर और नगर पालिका कर्णप्रयाग के परिसीमन में भी कुछ बदलाव होंगे। कुछ क्षेत्र जोड़े जाएंगे या कुछ हटाए जाएंगे। दो नगर निगम बनने के बाद राज्य में 11 नगर निगम (देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, कोटद्वार, श्रीनगर, हल्द्वानी, काशीपुर, रुद्रपुर, पिथौरागढ़ व अल्मोड़ा) हो जाएंगे। नगर पालिका की संख्या 41 और नगर पंचायतों की संख्या 50 होगी। सरकार ने पिछले दिनों ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए एक्ट में संशोधन को मंजूरी दी थी। अब इस संशोधन को लागू करने के लिए नियमावली लागू करने की तैयारी है। नियमावली का प्रस्ताव आगामी कैबिनेट में लाया जाएगा, ताकि निर्धारित समय सीमा में ओबीसी आरक्षण लागू हो सके।




# नेताओं की मुलाकातों पर चर्चाओं का बाजार बेहद गर्म!

## उत्तराखंड के भाजपा नेताओं की सीएम धामी और पूर्व मुख्यमंत्रियों की पीएम मोदी व शाह से मुलाकातों का सिलसिला जारी, भगतदा का बयान भी सुर्खियों में छाया

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में भाजपा की धाकड़ धामी सरकार में लंबे समय से जमें कई दिग्गज मंत्रियों और विधायकों की देश के पीएम नरेंद्र मोदी और सियासत के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह से मुलाकातों का



दौर जारी है। पिछले एक पखवाड़े के भीतर जहां देहरादून में सीएम धामी से कई विधायकों की मुलाकात हो चुकी है। वहीं दूसरी तरफ देहरादून से लेकर दिल्ली तक भाजपा सांसद व प्रदेश सरकार के मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री की पार्टी के दो बड़े क्षत्रपों पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकातें चर्चाओं में हैं। वहीं दूसरी तरफ सीएम पुष्कर सिंह धामी को लेकर उत्तराखंड के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का चुटीले अंदाज में एक बयान भी सुर्खियों में छाया हुआ है। जिसमें वह सीधे सीएम धामी को सुझाव देते हुए बोल रहे है कि कामकाज की फाईलों पर ध्यान दिया जाता तो जलागम विभाग में करोड़ों की बंदरबांट नहीं होती। हांलाकि उनके इस बयान के कई मायने भी निकाले जा रहे है। इसी बीच अब बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री से भेंट की है। जब त्रिवेंद्र पीएम से मिल रहे थे तब मुख्यमंत्री धामी भी नई दिल्ली पहुंचे थे। प्रदेश के सियासी हलकों में इन मुलाकातों को लेकर चर्चाओं का बाजार बेहद गर्म है। अब यह सवाल भी सत्ता के गलियारों में गूंज रहा है कि आखिर इन शिष्टाचार भेंटों का सरोकार क्या है। आखिर धीमी आंच पर सियासी खिचड़ी पका कौन रहा है। नई दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नेताओं और प्रधानमंत्री से




शिष्टाचार भेंट की थी। उनके दून लौटने के कुछ दिन बाद कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। डॉ. रावत की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुईं। राज्य के कुछ मंत्रियों, सांसदों और पूर्व मुख्यमंत्रियों की पीएम और गृह मंत्री से मुलाकातों का सिलसिला शुरू हुआ, जो अब तक जारी है। धामी सरकार के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व सुबोध उनियाल भी नई दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने गृह मंत्री शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष से भेंट की। पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल और अब पूर्व सीएम व हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री से भेंट की। पिछले दिनों पार्टी के सांसद केंद्रीय गृह मंत्री से मिले। पीएम और गृह मंत्री से राज्य के दिग्गज नेताओं की मुलाकातें अनायास नहीं मानी जा रही हैं। सियासी जानकारों का मानना है कि इन शिष्टाचार मुलाकातों के पीछे कोई न कोई सरोकार जरूर है। वह क्या है, इस प्रश्न का सटीक जवाब किसी के पास नहीं है। राजनीतिक हलकों में सिर्फ अटकलें हैं। कोई इसे केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव से तो कोई राज्य में होने वाले कैबिनेट विस्तार से जोड़कर देख रहा है।लेकिन, पिछले कुछ दिनों में सीएम से कई विधायकों ने सिलसिलेवार मुलाकातें कीं। उनसे मिलने वाले कुछ वरिष्ठ विधायक भी थे, जिन्हें मंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जाता है। बहरहाल राजनेताओं की दिलचस्पी मुलाकातों को दिखाने तक सीमित है। कुल मिलाकर सभी नेताओं ने इसे शिष्टाचार भेंट का नाम दिया, लेकिन पार्टी के सबसे ताकतवर नेताओं से राज्य के दिग्गज नेताओं की हो रही इन मुलाकातों को सामान्य नहीं माना जा रहा है। अपने-अपने हिसाब से इनके सियासी मायने टटोले जा रहे हैं। वहीं भाजपा नेताओं के सियासी मुलाकातों के घटनाक्रम से चर्चाओं का बाजार भी गर्म हो रहा है।

# हत्या, बलात्कार, लूटसहित 4408 केसों में फाईनल रिपोर्ट लगाकर केस बन्द

काशीपुर(उद संवाददाता)। वर्ष 2023 में उत्तराखंड पुलिस द्वारा 11952 अपराधिक केस दर्ज किये जबकि 4408 केसों में फाइनल रिपोर्ट लगाकर केस बन्द कर दिये गये तथा लगभग 50 प्रतिशत 6027 केसों में ही चार्जशीट लगाकर अपराधियों को सजा दिलाने को कार्यवाही की गयी। फाइनल रिपोर्ट लगाकर बन्द किये गये केसों में हत्या, बलात्कार, लूट, अपहरण सहित गंभीर अपराधों के केस शामिल हैं। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से वर्ष 2023 में दर्ज अपराधों सम्बन्धी विवरणों की सूचना चाही थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड की लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक), शाहजहां जावेद खान ने अपने पत्रांक 53 दिनांक 29 जुलाई 2024 के साथ पुलिस उपाधीक्षक सी.सी.टी.एन.एस. विवेक सिंह कुटियाल द्वारा उपलब्ध कराये गये वर्ष 2023 के पंजीकृत अपराधों के विवरण की सत्यापित फोटो प्रति उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार वर्ष 2023 में कुल 11952 अपराध दर्ज हुये हैं। इन अपराधों में 183 हत्या, 48 दहेज हत्या, 1267 अपहरण, 421 बलात्कार, 799 दंगे, 4482 चोरी, 1520 मोटर/आटो वाहन चोरी, 523 सेधमारी, 195 लूट, 11 डकैती तथा 2503 अन्य आई.पी.सी. अपराधों के केस शामिल हैं। श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार दर्ज केसों में लगभग 50 प्रतिशत में ही पुलिस ने अपराधी की तलाश करके चार्जशीट लगाकर अपराधी को सजा दिलाने हेतु कार्यवाही की है। इनमें हत्या के दर्ज केसों में 66 प्रतिशत 120 केस, दहेज हत्या के 75 प्रतिशत 40 केस, अपहरण के 10 प्रतिशत 123 केस, बलात्कार के 68 प्रतिशत 287 केस, दंगों के 53 प्रतिशत 287 केस, चोरी के 58 प्रतिशत 2586 केस, मोटर/आटो वाहन चोरी के 45 प्रतिशत 682 केस, सेधमारी के 72 प्रतिशत 376 केस, लूट के 82 प्रतिशत 159 केस, डकैटी के 64 प्रतिशत 7 केसों तथा अन्य आई.पी. अपराधों के 49 प्रतिशत 1228 केसों में केसों का खुलासा करके चार्जशीट लगाकर अपराधी को सजा दिलाने को कार्यवाही की है। वर्ष 2023 में कुल 4408 केसों में फाइनल रिपोर्ट लगाकर पुलिस द्वारा फाइल बंद कर दी गयी है और इन अपराधों के अपराधियों का पता लगाने या खुलासा करने में पुलिस सफल नहीं हो सकी है। ऐसे अपराधों में 34 हत्या, 3 दहेज हत्या, 1067 अपहरण, 116 बलात्कार, 196 दंगे, 1737 चोरी, 663 आटो/मोटर वाहन चोरी, 100 सेधमारी, 27 लूट, 01 डकैती तथा 464 अन्य आई.पी.सी. अपराधों के दर्ज केस शामिल है। वर्ष 2023 में दर्ज केसों के सम्बन्ध में 7316 व्यक्तियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसमें 205 हत्या, 40 दहेज हत्या, 140 अपहरण, 315 बलात्कार, 345 दंगे, 3948 चोरी, 1082 आटो/मोटर वाहन चोरी, 634 सेधमारी, 308 लूट, 48 डकैती तथा 251 व्यक्ति अन्य आई.पी.सी. अपराधों के केसों में गिरफ्तार किये गये है।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2023 में उत्तराखंड में अपराधों में 47 करोड़ 61 लाख 79 हजार 582 रू. की सम्पत्ति चोरी हुई हैं जबकि 24 करोड़ 93 लाख 55 हजार 107 रू. की सम्पत्ति पुलिस द्वारा बरामद की गयी है। इसमें चोरी के अपराधों में 20 करोड़ 82 लाख 33 हजार 60 रू., सेधमारी के अपराधों में 10 करोड़ 75 लाख 73 हजार 54, लूट के अपराधों में 1 करोड़ 5 लाख 88 हजार 424 तथा डकैती के अपराधों में 14 करोड़ 97 लाख 85 हजार 44 रू. की सम्पत्ति चोरी हुई है।

# अव्यवस्थाओं को लेकर कस्तूरी वाटिका के निवासी डीएम से मिले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री कस्तूरी वाटिका, फेस-3, बिगवाडा, वार्ड 16 के निवासियों ने कॉलोनी में जल निकासी की ठोस व्यवस्था न किए जाने के विरोध में कलाक्टरें में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि वहविगत 2 वर्षो से कालोनी में निवास कर रहे हैं। कॉलोनी के मानचित्र में पानी निकासी हेतु समुचित व्यवस्था दर्शायी गयी है. लेकिन धरातल



में ऐसा कुछ भी नहीं है। कॉलोनी में पानी निकासी हेतु कोई व्यवस्था नहीं है। कॉलोनी में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। बाहरी कॉलोनियों का पानी भी इस कॉलोनी में आ रहा है। क्लोनोनाईजर द्वारा दो वर्षों से पानी निकासी हेतु आश्वासन दिया जाता रहा है लेकिन पानी की निकासी की उचित व्यवस्था आज दिन तक नहीं हुई है। जल भराव के कारण जहरीले जन्तु, सांप आदि घरों में घुस रहे हैं जिससे कॉलोनीवासियों को जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने जिलाधिकारी से मौका मुआयना कर उक्त सम्बन्ध में उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# छह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट,93 मार्ग बंद

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में शुक्रवार को भारी बारिश होने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत, उत्तरकाशी बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में गर्जना के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो अगले पांच दिनों तक प्रदेश के पर्वतीय जिलों में गर्जन के साथ तेज दौर की बारिश हो सकती है। प्रदेश में भारी बारिश के बाद मार्गों में जगह-जगह मलबा आने से 93 मार्ग बंद हैं। रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग में कुंड पुल के पास कटाव के चलते वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग कुंड-चुन्नी बैंड से कालीमठगेट-गुप्तकाशी का प्रयोग किया जा रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, सोनप्रयाग-गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग में लिनचौली के पास मलबा आने से मार्ग बंद है। रुद्रप्रयाग में 12 ग्रामीण और दो पैदल मार्ग बंद हैं। उत्तरकाशी में दो राज्य और नौ ग्रामीण मार्ग, नैनीताल में एक राज्य और 10 ग्रामीण मार्ग, बागेश्वर जिले में 12 ग्रामीण मार्ग, देहरादून जिले में एक राज्य और सात ग्रामीण मार्ग, पिथौरागढ़ में एक बॉर्डर व 21 ग्रामीण मार्ग, अल्मोड़ा में एक ग्रामीण मार्ग, चंपावत जिले में चार ग्रामीण, हरिद्वार में दो और पौड़ी जिले में एक राज्य मार्ग और सात ग्रामीण मार्ग मलबा आने से बंद हैं।

गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# काशीपुर में बनेगी बहुमंजिला पार्किंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।काशीपुर में बहुमंजिला पार्किगं बनाने के कवायद शुरू हो गयी है। शुक्रवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में रूप से अन्यत्र स्थापित करने हेतु सहकारिता विभाग भवन व उद्योग विभाग के ट्रेनिंग सेन्टर का निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी व अपर पुलिस अध किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सचिव जिला विकास प्राधिकरण को पार्किगं का डिजाईन व आंगणन संशोधित कर स्वीकृत हेतु शासन को भेजने के निर्देश



काशीपुर में बहुमंजिला पार्किगं बनाये जाने हेतु जिला कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। जिला विकास प्राधिकरण द्वारा बहुमंजिला पार्किगं अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय काशीपुर का ध्वस्तीकरण कर बनाया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय काशीपुर को अस्थाई ीक्षक काशीपुर को आख्या देने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि उचित स्थान मिलते ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय को अस्थाई रूप से विस्थापित करते हुये ध्वस्त कर पार्किगं निर्माण किया जायेगा। जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्णय लिया कि पार्किगं के ऊपरी तल पर अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, उपाध्यक्ष जिला विकास प्रधिकरण अभिषेक रूहेला, सचिव पंकज उपाध्याय,एएसपी अभय सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, ओसी डॉ अमृता शर्मा, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार सहित ग्रामीण निर्माण विभाग के अभियंता मौजूद थे।

# नगर मजिस्ट्रेट से मिले मेडिकल स्टोर स्वामी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीते दिन नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई के नेतृत्व में ड्रग विभाग द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में मेडिकल स्टोर और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया था। जिसको लेकर आज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल सिंह अधिकारी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई से मिले। मेडिकल स्टोर स्वामियों का कहना था कि बार-बार झूठी शिकायतों पर मेडिकल स्टोर में छापेमारी कर मेडिकल स्टोर वालों की छवि धूमिल होती है। शहर में जिनका मेडिकल कारोबार से कोई मतलब नहीं है वह लोग यूपी राज्य की सीमाओं से अवैध दवाइयां का काम कर मेडिकल स्टोर वालों की छवि धूमल कर रहे हैं। केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारीयों का कहना था प्रशासन को ऐसे लोगों को चिन्हीकरण कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने संगठन के पदाधिकारी को बताया कि शहर के सभी केमिस्ट व्यापारियों की एक वर्कशॉप मीटिंग का बहुत जल्द आयोजन किया जाएगा इसमें शहर के सभी दवा व्यापारियों की समस्याओं को सुन कर उनको नियमों की भी जानकारी दी जाएगी। मिलने वालों में जिला अध्यक्ष प्रेम मदान, महामंत्री संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, उमेश जोशी, संजय जैन, नरेंद्र साहनी, ओवैस, मोहम्मद शुजा आदि शामिल थे।



# कलेक्ट्रेट में कालोनाइजरों के खिलाफ प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड़ स्थित एक कालोनी के कालोनाइजरों पर पक्की सड़क व नालियां न बनाए जाने के खिलाफ कालोनीवासियों ने कलेक्ट्रेट परिसर मे प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। शिव शक्ति विहार फुल सुंगी के निवासियों का आरोप है कि शिव शक्ति विहार के कालोनाइजर द्वारा कालोनी बसायी गयी थी तो इन्होने विश्वास दिलाया था कि कालोनी के अंदर पक्की नाली व पक्की सड़क की व्यवस्था की जायेगी। इनके द्वारा नक्शा भी दिखाया गया तथा नक्शे की कॉपी भी दी गयी जिसमें नाली व पक्की सड़क का जिक्र है। अब जबकि कालोनी में सभी के घर बन चुके है परंतु कालोनी में पक्की नाली व पक्की सड़क नही बनाई गई। जब उनसे शिकायत की तो उनके द्वारा झूठा आश्वासन देकर भगा दिया गया।कालोनी में बारिश का पानी लोगों के घरों में भर गया है जिससे स्कूली बच्चो व महिलाओ को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में मनोज, प्रीति, बाबू, प्रवेश, प्रभात, सुषमा, मदन, गुड़िया, पिंकी, पुष्पा, खीमानंद, यशवंत, अनिल सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



# नगर निगम क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारने का अभियान शुरू

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने निर्देशों क्रम में नगर निगम टीम द्वारा नगर में खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त किया जा रहा है। जिसमें 6 अगस्त को नगर निगम तथा ई ई एस एल की टीम ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारने का अभियान शुरू किया है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि 15 दिन के भीतर सभी खराब स्ट्रीट लाइटों का रिपेयर और सर्वे करने के निर्देश डीएम ने दिए थे। बताया कि नगर निगम द्वारा कराए गए सर्वे में लगभग 32000 स्ट्रीट लाइट में 4300 स्ट्रीट लाइट खराब हैं। बरसात में स्ट्रीट लाइट ऑन में ज्यादा खराबी आती है क्योंकि बारिश के कारण तार में कभी कार्बन आ जाता है। तथा आंधी में तार टूट जाते हैं कई बार वोल्टेज फ्लकचुएट होने के कारण भी लाइट फूंक जाती है।बताया कि अभियान के तहत हल्द्वानी नगर के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को अभियान के तहत करीब 46खराब स्ट्रीट लाइटों को चिन्हित किया गया और 38 से अधिक स्ट्रीट लाइटों की समस्याओं को दुरुस्त किया गया। बताया कि आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

# संत निरंकारी मिशन का वृक्षारोपण अभियान 11 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं पूज्य निरंकारी राजपिता जी के दिव्य मार्गदर्शन एवं पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण हेतु सन् 2021 में 'वननेस वन' नामक मेगा वृक्षारोपण परियोजना का आरम्भ किया गया था।संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि सन् 2021 में आयोजित 'वननेस वन' परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत संपूर्ण भारत वर्ष में लगभग डेढ़ लाख के करीब वृक्षों का रोपण किया गया। जिस उत्साह के साथ निरंकारी भक्तों द्वारा इन वृक्षों को रोपित किया गया था उसी उत्साह के साथ वर्ष भर निरंतर उनकी देखभाल भी की गई। जिसके परिणामस्वरूप इन 'वृक्षों के समूह' में इतना अधिक विस्तारण हुआ कि अब वह एक 'लघु वन' के रूप में प्रदर्शित हो रहा है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण के लिए आवश्यक इस परियोजना को क्रियान्वित करने हेतु संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में और अनेक नये स्थानों को जोड़कर इस महाभियान के चौथे चरण की सेवाओं का आरम्भ 11 अगस्त को संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 600 से अधिक स्थानों पर 'विशाल वृक्षारोपण अभियान' के रूप में किया जा रहा है। इसमें मिशन के सभी अनुयायी व स्वयंसेवक सम्मिलित होकर करीब 10 लाख पौधे लगाऐंगे और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हुए तीन से पाँच वर्षों तक इन वृक्षों की देखभाल भी करेंगे ताकि यह प्रथम चरण की भांति ही 'लघु वन' के रूप में प्रफुल्लित हो सकें। संत निरंकारी मिशन ब्रांच रामनगर के मुखी वृक्षराम ने बताया गया कि संत निरंकारी मिशन द्वारा 11 अगस्त को रामनगर में एक विशाल पौधारोपण का कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 9 बजे तक नगर वन नियर न्यू कोसी ब्रिज के पास किया जाएगा।

# आरएएन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा-दो के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों से मन मोह लिया। कार्यक्रम का विषय 'पंचतत्व' था। सर्वप्रथम कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक मोहित राय, प्रबंधिका श्रीमती निधि राय,मुख्य तिथि जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल डेन्टल सर्जन डॉ नेहा पंत मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते व सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे। तत्पश्चात छात्र-छात्राओ द्वारा मधुर स्वागत -गीत गाया गया। इसी श्रृंखला में विद्यालय प्रबंधिका श्रीमती निधि राय एवं मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते ने मुख्य अतिथि को हरित चिह्न प्रदान किया और उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत किया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मनमोहक गणेश वंदना व मार्शल आर्ट की सुंदर प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम के मध्य में मुख्याध्पिका श्रीमती मेघना गुप्ते ने विद्यालय में पूरे वर्ष होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसी श्रृंखला में आगे नन्हे कलाकारों ने 'पंचतत्व' विषय पर एक रोमांचक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की, जिसकी सभी अभिभावकों ने खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम के मध्य में अभिभावकों ने मनोरंजक खेल भी खेले। सभी कार्यक्रमों की मुख्य अतिथि डॉ नेहा पंत ने खूब प्रशंसा करते हुए सभी छात्रो का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र-गान से किया गया।



# हर घर तिरंगा अभियान के लिए बनाई रूपरेखा

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर गदरपुर मंडल की योजना रचना बैठक की गई जिसमें आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश भक्ति से जुड़ा एक अभियान है जिसमें ना केवल भाजपा कार्यकर्ता परंतु सभी देशभक्तों की सहभागिता करना अनिवार्य है यह अभियान राष्ट्रीय एकता का भी एक अच्छा उदाहरण है। इस अवसर पर जिले में कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा जिला मंत्री विकास गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, सुभाष गुम्बर, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया,अशोक हुड़िआ,अनिल जेटली, अभिषेक वर्मा, मनोज गुमबर ,अशविनी कुमार, सूर्यभान गुप्ता, मिनी गुंबर, सुरजित सिंह, संदीप बत्रा, संदीप कंबोज,मुनी भुसरी,आकाश कोचर, निर्मल नारंग, सतीश छाबडा, राजकुमार मिगलानी, मनीष कुमार,रोहित सुदामा,कुनाल रस्तोगी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।










# गुरूनानक डिग्री कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर। प्रीत विहार स्थित श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज में संस्थान के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं एवं होने वाले शैक्षणिक, सामाजिक गतिविधियों के बारे में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्थान के उप प्राचार्य डॉ अखिलेश सिंह के द्वारा आये हुए अतिथियों का स्वागत किया गया । तत्पश्चात संस्था के उपाध्यक्ष स० वीरपाल सिंह, प्रबंधक स० मनजीत सिंह , कोषाध्यक्ष स० किरनदीप सिंह विर्क, सदस्य स० हरी सिंह व सदस्य स० बलजीत सिंह गाबा ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य ही शिक्षण व्यवस्था को चाक चौबंद करना है। कहा कि ज्ञान के माध्यम से ही मानव का सर्वांगीण विकास हो सकता है और इसी उद्देश्य के साथ विद्यार्थी शैक्षिक कार्यों में रूचि दिखाएं। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ० रूपाली सक्सेना ने संस्था की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डाला। सहायक प्राध्यापक डॉ० फरजीन बानो ने छात्रों को संस्था के द्वारा उपलब्ध करायी जा रही स्कालरशिप एवं सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को प्राप्त होने वाली स्कालरशिप के बारे में बताया। सहायक प्राध्यापक डॉ नवनीत कौर के द्वारा छात्र-छात्राओं को खेल-कूद एवं कल्चरर ऐक्टिविटी के बारे में बताया । सहायक प्राध्यापक श्रीमती असमीत कौर सेठी ने संस्था में स्थापित प्लेसमेंट सेल के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। संस्थान की लाईब्रेरियन श्रीमती एकता ने संस्थान के पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं को उपलब्ध आधारभूत सुविधिाओं एवं पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक डॉ० नाजिया बानो ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रिया गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीएड विभागाध्यक्ष डॉ नीरज कुमार जायसवाल, स प्रासंदीप त्रिपाठी, श्री गौरव मिश्रा, संजय कुमार, डॉ मीनाक्षी, कु शीतल, तरूण कुमार, कु प्रियंका, उमेश सिंह, श्रीमती सुरभि गौड, प्रकाश सिंह अधिकारी, आदिती, अखिलेश खरे, श्रीमती सर्वजीत कौर, स० परमजीत सिंह, अनुज हालदार, राधेश्याम, दुर्गेश, परमानन्द, श्रीमती कल्पना एवं काफी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।










# डीएम ने निरीक्षण कर जलभराव का लिया जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा रोड स्थित कचरे के पहाड़ से निजात दिलाने के बाद जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने अपना ध्यान जलभराव पर केंद्रित कर लिया है। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों व





जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जलभराव वाले क्षेत्रों का भ्रमण किया और जलमग्न हुई कालोनियों को जलभराव से निजात दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ तीनपनी डैम से जनपथ चौराहा, आनन्द विहार, दक्ष चौराहा किच्छा रोड पर मेडिसिटी के निकट तीनपनी होते हुए अटरिया पुल पहुँच कर कल्याणी नदी का सम्बन्धित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने तीनपनी डैम एवं जनपथ चौराहा के पास जल निकासी के लिए अवरोध हटाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। जिस पर नगर आयुक्त ने बताया कि सड़क के दूसरे ओर से जल निकासी हेतु सफाई एवं खुदाई कार्य के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई है। जिसे जल भराव के पानी को नहर में प्रवाहित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षाकाल से पूर्व भी नहर की सफाई की गई थी। उपजिलाधिकारी ने बताया कि तीनपनी डैम व फुलसुंगा क्षेत्र के सभी नहर व नालों की सफाई की गई थी इसीलिए इस बार कम जलभराव हुआ और जल निकासी भी शीघ्रता से हो रही है। दक्ष चौराहा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश देते हुए कहा कि नहर बहुत पुरानी है, अब बसावट भी बढ़ गई है इसीलिए नहर का डिस्चार्ज तिगुना डिजाईन करते हुए ड्रैनेज प्लान में रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ वनरसिया नदी का दोनों तरफ से निरीक्षण करते हुए आवश्यकता के अनुसार एवं अतिक्रमण को चिन्हित करने के निर्देश सचिव जिला विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त, उपजिलाधिकारी व अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शहर को जलभराव से बचाना है तो नदी–नालों के फैलाव को अवरुद्ध होने से बचाना होगा। उन्होंने नदी–नालों के बहाव को अवरुद्ध करने वाले अतिक्रमण की जाँच कर चिन्हित करने के निर्देश दिए साथ ही मेडिसिटी अस्पताल की ओर से जेसीबी मशीन लगाकर वनरसिया नदी की सफाई करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने पहाड़गंज के ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व वेडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि शहर में जलभराव की स्थिति बनना चिंताजनक है। जिलाधिकारी द्वारा त्वरित रूप से ट्रेंचिंग ग्राउंड से शहरवासियों को निजात दिलाई गई है, अब स्वयं जिलाधिकारी द्वारा ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर जलभराव की समस्या का हल निकालते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं, जो जल्द ही सकारात्मक साबित होंगे। श्री शर्मा ने शहर की जनता से मानसून के दौरान सावधानी बरतने की अपील भी की है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, डीडीएमओ उमा शंकर नेगी, प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## [illegible]

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आयुक्त दीपक रावत ने जनसुनवाई कर भूमि विवाद के मामले में दोनो पक्षों के साथ राजस्व के अधिकारियों को तलब कर विवाद का निपटारा किया। इस कडी में एक भूमि विवाद में आयुक्त श्री रावत ने दीपक साह को 15 लाख की धनराशि वापस कराने निर्देश दिये। दीपक साह ने आयुक्त को बताया कि एक सप्ताह समय के भीतर ऋचा सिंघल को 15 लाख की धनराशि वापस कर दी जायेगी। जन सुनवाई में ऋचा सिंघल ने बताया कि वर्ष 2023 में उन्होंने दीपक साह से ऊचापुल जलवायु विहार मे प्लाट क्रय किया था। स्थल पर प्लाट का रकबा नही होने से ऋचा सिंह को चौहदी की पैमाइश से वह भूखण्ड पूर्व में दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज हो चुकी थी। ऋचा सिंघल की शिकायत पर आयुक्त ने दोनो पक्षों को तलब कर



विक्रेता ने अपनी गलती स्वीकारी। जिस पर विक्रेता दीपक साह द्वारा बताया कि 15 लाख की धनराशि एक सप्ताह के भीतर वापस कर दी जायेगी। आयुक्त ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर धनराशि वापस नही करने पर लैंडफ्रॉड एक्ट के तहत कार्यवाही की जायेगी। जन सुनवाई में कमलेश मेहता ने बताया कि रौशिला क्षेत्र मे उनके द्वारा 34 नाली भूमि क्रय की थी लेकिन मौके पर अन्यत्र व्यक्ति पंकज भटट ने भी उक्त खाते में अपनी भूमि का दावा किया। जिस पर आयुक्त ने तहसीलदार नैनीताल को मौके पर जाकर पैमाइश कर जांच के पश्चात रिपोर्ट प्रस्तुत कराने के निर्देश दिये ताकि अगली जनसुनवाई में लम्बित समस्या का समाधान हो सके।

## छात्रवृत्ति योजना के लिए खिलाड़ियों का हुआ ट्रायल

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 14 वर्ष से 23 वर्ष तक आयु वर्ग के बालक बालिकाओं का प्रथम ट्रायल राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म के मैदान में गुरूवार को प्रारंभ हुआ जिसमें बालिका वर्ग का ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न हुआ, 14 से 17 वर्ष 17 वर्ष से 19 वर्ष 19 वर्ष से 21 वर्ष 21 वर्ष से 23 वर्ष कुल चार वर्गों में ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ निर्मल सरकार ब्लॉक खेल समन्वयक सितारगंज बेसिक , सुरेश बिष्ट जिला क्रीड़ा विभाग रुद्रपुर के द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 30 मी फ्लाइंग रन, वर्टिकल जंप, मेडिसिन बॉल पुट, 6x10 शटल रन,800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता संपन्न हुई इसके अतिरिक्त चारों आयु वर्ग में एथलेटिक्स



बॉक्सिंग जूडो कराटे बैडमिंटन ताइक्वांडो वॉलीबॉल फुटबॉल बास्केटबॉल हॉकी टेबल टेनिस कबड्डी आदि खेलों का भी चयन हुआ। प्रतियोगिता में पंकज राय,बलबीर सिंह, प्रदीप कुमार, त्रिलोचन जोशी, नवीन चंद शर्मा, श्रीमती लीला रौतेला, रानू मसीह, श्रीमती कविता शर्मा, सच्चिदानंद, गुरदेव सिंह, मनीष सक्सेना, शिवचरण सिंह, साहिल, श्रीमती गीता तिवारी, प्रकाश बोरा, रामजन्म सिंह चौहान, विजन राय, देवेंद्र कुमार राय, जिला क्रिया विभाग के नवनीत राव, निर्मल सरकार आदि लोगों ने निर्णायक व अभिलेख में पूर्ण रूप से सहयोग किया।

## उचक्के ने झपटी अधिवक्ता की पत्नी की चेन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस जिला न्यायालय के अधिवक्ता पति के साथ बच्चे को स्कूल छोड़कर स्कूटी पर सवार महिला के गले से अज्ञात स्कूटी सवार नकाबपोश बदमाश ने पीछे से आकर सोने की चेन झपट ली और फरार हो गया।



मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की विस्तार से जानकारी ली और आस पास लगे सीसीटीवी की फुटेज का अवलोकन किया।मिली जानकारी के अनुसार जिला न्यायालय के अधिवक्ता मनोज तनेजा निवासी न्यू शक्ति विहार कालौनी गत सुबह बच्चों को स्कूल छोड़कर स्कूल से स्कूटी पर सवार होकर अपनी पत्नी के साथ घर वापिस आ रहे थे। इसी दौरान सिंह कालौनी रोड पहुँचे तो पीछे से स्कूटी पर बैठा मुंह ढके एक व्यक्ति तेजी से आया और अचानक मनोज की पत्नी के गले में पहनी सोने की चौन जो लगभग तीन तोले की थी को चलती स्कूटी पर झप्पटा मार कर छीन कर भाग गया। जिसके बाद मनोज ने झपट्टामार बदमाश का काफी पीछा करने पर भी वह पकड़ा नहीं जा सका। घटना की सूचना तुरंत पुलिस चौकी आदर्श कॉलोनी पुलिस को दी गई पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया। जिसमें झपट्टामार बदमाश सीसीटीवी में कैद हुआ है जिसकी पुलिस ने तलाश कर दी है।

## स्क्रैच और पेंटिंग के क्षेत्र में नाम रोशन करना चाहती समृद्धि

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के व्यावसायी सुनील कुमार अग्रवाल की सुपुत्री समृद्धि अग्रवाल द्वारा पेंसिल से स्क्रैच बनाने व कलर से पेंटिंग बनाने में



रुचि अपनाते हुए क्षेत्र में अपना मुकाम बनाने के लिए प्रयास किया है। इसी प्रयास को सफल बनाने के लिए समृद्धि अग्रवाल द्वारा लगातार पेंसिल से स्क्रैच और कलर पेंटिंग बनाने का अभियान शुरू किया हुआ है। इस अभियान के तहत रिद्धिम अग्रवाल द्वारा विभिन्न स्थानों पर अपनी स्क्रैच व पेंटिंग का प्रदर्शन भी किया जा रहा है समृद्धि अग्रवाल को पेंटिंग और स्क्रैच की दुनिया में आगे बढ़ाने के लिए नगर की तमाममहिला संगठन एवं सामाजिक संगठनों ने सहयोग देना शुरू कर दिया है। समृद्धि अग्रवाल ने एक भेंट में बताया कि उसे पेंटिंग बनाने का शोक बचपन से ही था। वह पढ़ाई के अतरिक्त समय पर पेंसिल से स्क्रैच और पेंटिंग बनाकर अपना



समय व्यतीत करती थी जो कि उसके लिए एक लक्ष्य के रूप में बन गया है। समृद्धि अग्रवाल ने 2024 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर अब देहरादून में देवभूमि शिक्षण संस्थान में प्रवेश लिया है। जहां से वह इस क्षेत्र में डिग्री हासिल करना चाहती है और स्क्रैच तथा पेंटिंग के क्षेत्र में अपना और देश का नाम रोशन करना चाहती है। समृद्धि अग्रवाल ने बताया कि उसे भी नही पता था कि उसका शोक उसके लिए जीवन का हिस्सा बन जायेगा। समृद्धि के पिता सुनील अग्रवाल नगर में व्यवसाय करते है समृद्धि के दादा भी नगर के जाने माने व्यापारी थे।जिनकी यहां गुप्ता मार्केट में दुकान आज भी है।

## शिवसेना ने फूंका बांग्लादेश व जमात ए इस्लाम का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, हिंदुओं के धार्मिक स्थलों मंदिर में तोड़फोड़ व भगवान की प्रतिमा को खंडित किए जाने के विरोध में कालाढूंगी चौराहे पर बांग्लादेश व जमात ए इस्लाम (भारत विरोधी संगठन) के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। साथ ही सरकार से मांग की बांग्लादेश के हिंदुओं को भारत लाया जाए एवं उनकी सुरक्षा की जाए। विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष



प्रमोद आर्या, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, अशोक सिंधी, सरजू पांडे, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार, मनोज गुप्ता, मुकेश जोशी, मनोज गुप्ता, नगर सचिव सुनील गुप्ता, सरजू पांडे, सोनू केसरवानी, सुशील गुप्ता, राजू गुप्ता, गुड्डू राठौर, सोनू सोनकर, मोनू सिंह सहित अन्य शिव सैनिक मौजूद थे।

## स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त करने के लिए शुरू किया अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने निर्देश पर नगर निगम टीम द्वारा नगर में खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त किया जा रहा है। जिसमें 6 अगस्त को नगर निगम तथा ईईएसएल की टीम ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारने का अभियान शुरू किया है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि 15 दिन के भीतर सभी खराब स्ट्रीट लाइटों का रिपेयर और सर्वे करने के निर्देश डीएम ने दिए थे। बताया कि नगर निगम द्वारा कराए गए सर्वे में लगभग 32000 स्ट्रीट लाइट में 4300 स्ट्रीट लाइट खराब हैं। बरसात में स्ट्रीट लाइट ऑन में ज्यादा खराबी आती है क्योंकि बारिश के कारण तार में कभी कार्बन आ जाता है। आंधी में तार टूट जाते हैं। कई बार वोल्टेज फ्लकचुएट होने के कारण भी लाइट फूंक जाती है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत हल्द्वानी नगर के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को अभियान के तहत करीब 46 खराब स्ट्रीट लाइटों को चिन्हित किया गया और 38 से अधिक स्ट्रीट लाइटों की समस्याओं को दुरुस्त किया गया। बताया कि आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मणिपुर में हिंसा के हालात

मणिपुर में हिंसा की शुरुआत को एक वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं और आज भी इसके रुकने के आसार नहीं नजर आ रहे हैं। थोड़े अंतराल के बाद संबंधित संगठनों के बीच बातचीत या समझौते की कोई खबर आती है और कुछ ही दिनों बाद फिर से हिंसा भड़क जाती है। सवाल है कि इतने समय से सरकार किस दिशा में क्या काम कर रही हैं कि एक छोटे से राज्य में इतने लंबे वक्त से टकराव और हिंसा कायम है। विचित्र हकीकत यह है कि राज्य सरकार आधिकारिक रूप से यह स्वीकार करती है कि हालात अच्छे नहीं हैं, मगर इसमें सुधार के लिए या तो उसे ठोस पहल करना जरूरी नहीं लगता या फिर उसके पास दूरदर्शिता का घोर अभाव है। वरना राज्य सरकार की तमाम एजेंसियों, केंद्र सरकार के प्रयासों, सेना की दखल के बावजूद आज भी हिंसा का दौर जारी है, लोग बेघर हो रहे हैं तो इसकी क्या वजह हो सकती है?विचित्र यह है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को जहां इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि राज्य में लगातार हिंसा को रोक पाने में उनकी सरकार नाकाम रही है, वहां वे राज्य में इस जातीय हिंसा की वजह से हुई तबाही के सिर्फ आंकड़े पेश कर रहे हैं। गौरतलब है कि एक सवाल के जवाब में सोमवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री ने यह बताया कि राज्य में हुई हिंसा में अब तक करीब साठ हजार लोग विस्थापित हुए हैं और इस दौरान हुई आगजनी में ग्यारह हजार से ज्यादा घर जल कर खाक हो गए।यह समझना मुश्किल है कि एक वर्ष से ज्यादा से जारी हिंसा के पीड़ितों का आंकड़ा पेश करते हुए उन्हें इसका अहसास था या नहीं कि हिंसा को पूरी तरह रोकना उनका दायित्व है। मगर पिछले वर्ष जब एक अदालती निर्देश के तहत मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग का दर्जा देने का मसला उठा तभी जातीय हिंसा शुरू हुई। तब भी उनकी सरकार के पास इसे वहीं थाम लेने की दूरदर्शिता नहीं दिखी और न आज वह कुछ ऐसा ठोस कर पा रही है, जिससे राज्य के आम लोग इस आग से बाहर निकल सकें।यह जगजाहिर तथ्य है कि मणिपुर में आज कुकी-जो और मैतेई सहित अलग-अलग समुदायों के बीच अविश्वास का स्तर इतना गहरा हो चुका है कि संवाद की गुंजाइश बेहद सिमट या खत्म हो गई है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ ही दिन पहले राज्य के जिरीबाम जिले में शांति बहाल करने के लिए हमार और मैतेई प्रतिनिधियों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए। मगर सिर्फ चौबीस घंटे के भीतर वह समझौता टूट गया और इसके साथ ही फिर से हिंसा शुरू हो गई। इससे पहले राज्य और केंद्र की सरकारों की ओर से सुरक्षा बलों को उतारने से लेकर शांति समितियां बनाने जैसी पहलकदमियों की घोषणाएं हो चुकी हैं। मगर यह एक अफसोसनाक हकीकत है कि किसी भी सरकारी कवायद का अब तक कोई सकारात्मक हासिल सामने नहीं दिख रहा है। आज भी वहां हिंसा की वही आग जारी है, जो एक नीतिगत अदूरदर्शिता की वजह से भड़की थी। हैरानी की बात यह है कि इस बीच सरकार के रवैए में कोई बहुत ज्यादा फर्क आता नहीं दिख रहा, ताकि नए सिरे से हिंसा थमने या समस्या का कोई हल निकलने की उम्मीद जगे। तबाही के आंकड़े पेश करने के समांतर यह जरूरी है कि इस हालत के लिए अपनी नाकामी को भी स्वीकार किया जाए और कम से कम अब भी राज्य में उलझ चुकी इस जटिल समस्या का हल निकाला जाए।

# रिपेयरिंग के नाम पर एलसीडी में लगा दी पुरानी वाली डिस्प्ले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप से रिपेयरिंग के लिए ले जाई गई एलसीडी में एक दुकानदार द्वारा पुरानी डिस्प्ले लगा देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की गई है। राज कुमार पुत्र स्व. मुंशी राम निवासी मॉडल कॉलोनी का कहना है कि उसकी दुकान मैसर्स राजू इलेक्ट्रॉनिक पांच मंदिर मार्ग पर है। 8 अगस्त को उसकी दुकान से एक एलसीडी रिपेयरिंग हेतु अग्रसेन के पास, किच्छा रोड का एक दुकानदार अपने साथ ले गया। उसके बाद ऑरिजनल डिस्प्ले बदलकर पुरानी डिस्प्ले लगाकर उसकी दुकान पर पहुंचा दी। राजू का कहना है कि जब उसके द्वारा एलसीडी की जांच की गयी तो पता चला कि उक्त व्यक्ति ने एलसीडी में पुरानी डिस्प्ले लगा दी है। इस संबंध में उस व्यक्ति से शिकायत की गयी तो उसने मानने से इंकार कर दिया तथा गाली गलौच व अभद्र व्यवहार करते हुए धमकियां देने लगा। पुलिस को मामले की सूचना दी जा रही है।

# सामूहिक सहयोग से सफल हुआ हरियाली तीज महोत्सवः सुषमा

रूद्रपुर। अग्रवाल महिला समिति द्वारा सावन माह के तीज पर्व पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजित हरियाली तीज महोत्सव सामूहिक सहयोग से सफल होकर नगरवासियों के दिलों में अमिट छाप छोड़ गया है। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा ने सफल आयोजन में अपना अमूल्य सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि समिति द्वारा आगामी करवा चौथ पर्व मनाने की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने बताया समिति को मजबूती प्रदान करने के लिए समाज की अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।समिति की महामंत्री प्रिया गर्ग ने कहा कि समिति तीज महोत्सव में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों की सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने बताया कि समिति विभिन्न पर्वों पर कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही सामाजिक व जनहित से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया ने कहा कि समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले हर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों का हमेशा सहयोग मिलता रहा है।

# अपने हाथों से किया हुआ सत्कर्म ही अपनाः शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 19वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने कहा कि अपने हाथों से किया हुआ सत्कर्म ही अपना है, जीव तो मुनीम है प्रभु ही स्वामी है, इस शरीर पर जब जीव की सत्ता नहीं है तो किसी और वस्तु पर कैसे हो सकती है, यमराज की आज्ञा होते ही शरीर का त्याग करना पड़ता है। इस दौरान कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उपस्थित थी। प्रसाद की सेवा श्री श्याम मित्र मंडल परिवार द्वारा दी गई।

# देहरादून में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह के आठ सदस्य दबोचे,81 लैपटॉप, 42 मोबाइल फोन बरामद

देहरादून (उद संवाददाता)। देहरादून में पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे कॉल सेंटर पर कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड के एक गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के आठ सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि 50 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार लोग खुद को इंटरनेशनल एंटी हैकिंग विभाग का अधिकारी बताकर विदेशी लोगों से ठगी करते थे। ठगी के लिए यूएसए और कनाडा के लोगों को टारगेट करते थे। कॉल सेंटर में गिरोह ने बड़ा सेटअप बनाया था। पुलिस ने काफी संख्या में लैपटॉप के साथ ही कई उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस गिरोह के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। इनके खातों से विदेशी खातों में ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है। गिरोह के पर्दाफाश पर पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम की घोषणा की गई है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि राजपुर क्षेत्र में आईटी पार्क के पास स्थित एक बिल्डिंग में फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर के संचालित होने और कॉल सेंटर के माध्यम से विदेशी लोगों से ठगी करने की जानकारी मिली थी। इसपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी मसूरी के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। बुधवार की रात टीमों ने आईटी पार्क में अवैध कॉल सेंटर (ग्लोबल टेक एनर्जी सॉल्यूशन) पर छापामारी की। वहां 100 केबिन का एक कॉल सेंटर संचालित मिला। जहां अलग-अलग कैबिनों में बैठे युवक और युवतियों की ओर से कंप्यूटर सिस्टमों के माध्यम से कॉल रिसीव की जा रही थी। एसएसपी ने बताया कि मौके से कॉल सेंटर संचालित कर रहे मुख्य आरोपी मोहित आश्विन भाई पटेल निवासी अहमदाबाद गुजरात हाल निवासी पेसिफिक गोल्फ स्टेट राजपुर, ललित उर्फ रोडी निवासी सहजपुर अहमदाबाद, आमीर सुहेल निवासी कोलकाता पश्चिम बंगाल, मनोज मीरपुरी निवासी पुणे महाराष्ट्र, अंकित सिंह निवासी बिहार, कौशिक जाना निवासी पश्चिम बंगाल, शिवम दुबे निवासी अहमदाबाद, गोस्वामी हेत भारती निवासी भावनगर गुजरात को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी मिहिर अश्वनी और ललित उर्फ रोडी ने बताया कि फर्जी कॉल सेंटर से वह यूएसए और कनाडा के लोगों को ही टारगेट करते है। वहां के लोगों से संपर्क कर खुद को इंटरनेशनल एंटी हैकिंग एजेंसी का अधिकारी बताते थे और उनके कंप्यूटर सिस्टम के हैक होने और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसका एक्सेस लेकर उसका इस्तेमाल किए जाने की झूठी जानकारी देते थे। इसके बाद उसे ठीक करने के लिए पॉप अप मैसेज के माध्यम से उनके सिस्टम का एक्सेस ले लेते थे। सिस्टम को ठीक करने के बहाने उनसे ठगी करते थे। आरोपी कनाडा और यूएसए के लोगों से धोखाधड़ी कर फिथ थर्ड बैंक के माध्यम से रुपयों का लेनदेन करते है। इसके बाद रकम को हवाला के माध्यम से यूएसए में पहुंचाया जाता था। दून में गिरफ्तार आरोपियों की ओर से भेजे गए पॉप अप मैसेजों के दिए नंबर से ग्राहक इनसे संपर्क करते है। आरोपी इस पूरे गिरोह को चलाने और धोखाधड़ी करने के लिए कई सॉफ्टवेयर और ऑनलाइन एप का प्रयोग करते हैं। सेंटर से बरामद सामान : 81 लैपटॉप, 42 मोबाइल फोन, 106 लैपटॉप चार्जर, 126 माउस, 29 डेस्कटॉप, 100 हेडफोन, 32 की-बोर्ड, 26 सीपीयू, 5 वाईफाई राउटर, एक महिंद्रा थार आदि।






# किसानों को दी गन्ने की वैज्ञानिक विधि अपनाने की जानकारी

किच्छा(उद संवाददाता)। गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केन्द्र के ग्राम स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन कर गन्ने की परम्परागत बुवाई से हटकर वैज्ञानिक विधि अपनाने की जानकारी दी। शुक्रवार को ग्राम बखपूर में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, काशीपुर की ओर से बुधवार को गन्ना विकास परिषद, किच्छा के ग्राम बकपुर में एक ग्राम स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उनके द्वारा वैज्ञानिक विधियों का अनुसरण कर गन्ना फसल की परम्परागत बुवाई पद्धति से हटकर वैज्ञानिक विधि से गन्ना बुवाई करते हुए सहफसल का समावेश कर अतिरिक्त लाभ अर्जित करने सम्बंध में जानकारी दी गयी। साथ ही गन्ने की जैविक खेती करने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। गन्ना शोध केन्द्र काशीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा० संजय कुमार द्वारा नवीनतम उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे अगेती प्रजाति में को०लख० 14201, को० 0118, को० 15023, को०पंत 12221, को०शा० 13235 तथा सामान्य प्रजाति में को० पंत 12226, को०पंत 13224, को० पंत 97222 एवं जल प्लावित क्षेत्र के लिये प्रजाति को0 98014 के सम्बंध में तथा उसके उत्पादन की नवीनतम तकनीकि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इनके गुणों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक विधियों, पोषक तत्व प्रबंधन, गन्ने की उत्पादन बढ़ाने की विधियों की जानकारी दी गयी। गन्ना शोध केन्द्र काशीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुन्ना लाल द्वारा गन्ना फसल में की जाने वाली समस्त कर्षण क्रियाओं के साथ ही गन्ना फसल में लगने वाले विभिन्न कीट जैसे दीमक, टॉप बोरर, कुरमुला की पहचान व उनकी रोकथाम तथा गन्ना फसल में लगने वाले रोग जैसे लाल सड़न (रैंड राट), स्मट व पोखा बोईंग आदि की पहचान व उसकी रोकथाम के बारे में तथा गन्ना फसल प्रबन्धन की विस्तृत जानकारी दी गयी।



गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ने की खेती करनी चाहिए। साथ ही अपनी भूमि की जांच अवश्य करानी चाहिए। गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिक अधिकारियों ने गन्ना कृषकों को उन्नत प्रजाति की गन्ना बीज की जानकारी, गन्ने की फसल में लगने वाली बीमारियों और उसमें प्रयोग की जाने वाली दवाओं के बारे में बताया।इनके अतिरिक्त गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक महेश प्रसाद गन्ना सोसाइटी सचिव संजीव कुमार गन्ना पर्यवेक्षक प्रताप सिंह, सुधीर आहूजा, मदन कालरा, रविशंकर काण्डपाल, एवं गन्ना विकास निरीक्षक कु०कंचन शाही, आशाराम, विपिन कुमार, डॉक्टर गंगा दत्त,महेश चंद, सचिन कुमार ललित पंत, विशाल सेतिया, कमल सिंह, सूर्य प्रताप सिंह , मोहमद युनुस आदि उपस्थित थे।

# व्यापारियों ने नये खाद्य अधिकारी का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मलकीत सिंह द्वारा किच्छा कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करने पर व्यापार मंडल द्वारा स्वागत किया गया। निवर्तमान पदाधिकारियों ने कहा नये खाद्य अधिकारी नगर की जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाएंगे जिसमें व्यापार मंडल द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा। स्वागत करते हुए व्यापार मंडल ने उनसे आशा व्यक्त की है कि वह क्षेत्र की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। पदभार ग्रहण करने पर बधाई देते हुए नितिन फुटेला ने कहा कि नगर के सभी नागरिक आपूर्ति कार्यालय में जाकर नए अधिकारी से अपनी समस्या का समाधान हेतु मिल सकता है। अवसर पर मुख्य रूप से व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा, अधिवक्ता पूरन भट्ट एवं राजू बिष्ट मौजूद थी।







# सांसद अजय भट्ट ने की मुक्तेश्वर स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान को पुन: शुरू करने की मांग

नैनीताल(उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने सदन में प्रश्न उठाते हुए नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान आईवीआरआई को पुन: शुरू किए जाने की मांग की। श्री भट्ट ने लोकसभा सदन में प्रश्न उठाते हुए बताया कि जनपद नेनीताल के अन्तर्गत मुक्तेश्वर में स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की स्थापना 1889 में भयंकर रोगों से भारतीय पशुधन सम्पदा के बचाव हेतु शोध कार्य करने के लिए इम्पीरियल बैक्ट्रोलॉजीकल प्रयोगशाला के नाम से हुई थी। इसे ष्मदर इन्पुटष् का दर्जा दिया गया। तत्पश्चात् इस क्षेत्र का दुर्भाग्य रहा कि इसका मुख्यालय इज्जतनगर बरेली में स्थानांतरित कर दिया गया और वॉयरोलॉजी, खुरपका मुहंपका एवं शीतोष्ण पशु इकाई परियोजना को छोड़कर अन्य सभी शोध इकाई को इज्जतनगर स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि मुक्तेश्वर में अन्य अनेक जानवरों



में जानलेवा बीमारी खुरपका-मुंहपका, गलघोंटू, पौक्स, चेचक, पीपीआर रानीखेत डीजीज में कार्य कर वैक्सीन तैयार करने एवं रिण्डर पेस्ट बीमारी की वैक्सीन तैयार करने के बाद तुरन्त खुरपका-मुंहपका बीमारी की वैक्सीन तैयार कर इस बीमारी पर देश में ही नहीं, अपितु पूरे विश्व में नियंत्रण कर लिया गया। किन्तु इस क्षेत्र का दुर्भाग्य रहा कि खुरपका निदेशालय के मुख्यालय तथा शोध परियोजना उपकरण सभी उड़ीसा स्थानांतरित कर दिए गए थे और इस शोध इकाई को भी कम कर दिया गया है। जैसा कि हिमालय के शोध कार्य किये जाने हेतु उपयुक्त तापमान में शोध कार्य किये जाने पर इस शोध संस्था के अन्तर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अन्तर्गत सबसे ज्यादा वैक्सीन तैयार कर ली गई है और आज भी वैज्ञानिक अन्य वैक्सीन तैयार कर ट्रॉयल पर पहुंचा रहे है। श्री भट्ट ने कहा कि वह सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करते है कि उत्तराखण्ड राज्य में स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान को पुन: स्थापित किया जाए।

# मुकद्दस यात्रा उमराह के यात्रियों को किया रवाना

किच्छा(उद संवाददाता)। सऊदी अरब स्थित मदीना शरीफ की मुकद्दस यात्रा उमराह करने के लिए जा रहे नगर के चार लोगों को स्थानीय लोगों के अलावा क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया।नगर के वार्ड नंबर 11 निवासी इरफान मियां, रईस अहमद, नफीस अहमद तथा बाबू खान सऊदी अरब स्थित मदीना शरीफ एवं मक्का शरीफ की यात्रा के लिए रवाना हुए। मुकद्दस यात्रा पर जा रहे चारों लोगों को पूर्व सभासद एवं प्रमुख समाजसेवी नजाकत खान, निवर्तमान सभासद फिरासत खान समेत सैकड़ों लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर रवाना किया। इसी बीच यहां पहुंचे विधायक तिलकराज बेहड़ एवं निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश दुआ,ने मुकघ्द्दस यात्रा पर जा रहे सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दी। मुकद्दस यात्रा उमराह पर जाने वाले लोगों ने बताया कि उनकी लम्बे समय से



उन लोगों की हसरत थी कि वह मदीना शरीफ एवं मक्का शरीफ स्थित काबा शरीफ की जियारत करें।आज वह समय आ गया कि उनकी मुराद व हसरत पूरी होने जा रही है। यात्रा पर जा रहे चारों लोगों ने कहा कि वह वहां जाकर देश दुनिया में शांति की दुआ के साथ भारत में अमन-चैन कायम रहे तथा एकता अखंडता के साथ भारत में खुशहाली रहे हमारा देश तरक्की के आयामों को पार करने की दुआ मांगेंगे। इस मौके पर विधायक तिलक राज बेहड़ के अलावा प्रमुख समाजसेवी एवं पूर्व सभासद नजाकत खान, निवर्तमान सभासद फिरासत खान, लड्डन चाचा, सैय्यद हाकिम मियां शब्बू, शफीक अहमद मुनीम जी, इब्ने अली खान आदि समेत सैकड़ों वार्डवासी थे।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए बैठक आयोजित

खटीमा(उद संवाददाता)। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओ की बैठक मंडी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप मे इंद्रपाल सिंह मान मोजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी एवम संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता इंद्र पाल सिंह मान ने बताया कि आगामी 11 से 13 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे देश में हर घर तिरंगा आभियान चलाया जायेगा। बूथ का प्रत्येक कार्यकर्त्ता हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक घर मे तिरंगा झंडा फहराने का काम करेगें। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के पूर्व लागातार तीन दिनों तक पार्टी ने प्रत्येक घर तक तिरंगा झंडा पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जिसको लेकर सभी पार्टी कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। खटीमा नगर मंडल मे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए मनोज वाधवा को संयोजक नीलू गुप्ता एव अनुपमा शर्मा को सहसंयोजक की



जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश प्रथम एवम राष्ट्र हितों के लिऐ सर्वप्रथम निर्णय लेने की शुरुवात करती है। हर घर तिरंगा आभियान का मुख्य उद्देश देश के प्रत्येक नागरिक के मन में देश प्रेम की भावना को मजबूत करना एवम आने वाली पीढ़ी को तिरंगे झंडे के मान सम्मान के लिऐ प्रेरित करना है। बैठक मे मुख्य रुप से महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्क्ष मोहणी पोखरिया, मंडी अध्यक्ष नंदन खड़ायत गोपाल बोरा, सतीश भट्ट, शशांक बिष्ट, राहुल सक्सेना, कामिल खान, सुरेश जीना ,हाफिज रहमान, नवल वाल्मीकि, सचिन रस्तोगी, जावेद रिजवी, अमित चिलकोटी, ओम प्रकाश ठाकुर, रेनू भंडारी, धना भण्डारी, अनीता ज्याला, करन यादव, ललित जोशी, मेहताब रजा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा नेता के पुत्र की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वर्ष 2016 में ट्रक से कुचलकर भाजपा नेता के नौ वर्षीय पुत्र उत्कर्ष की मौत के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय मुकेश आर्य की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 71 हजार का अर्थदंड किया है। अभियोजन पक्ष के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि ओमेक्स रिवेरा कॉलोनी निवासी मनोज चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसके भाई उपेंद्र चौधरी की भूरारानी में सीजी फूड सर्विस की कंपनी है। इसका संचालन वह करते हैं। बताया कि कंपनी में सोडी कॉलोनी यूपी निवासी संदीप राय अकाउंटेंट था। आरोप था कि खातों में हेराफेरी पकड़ी गई थी। इस पर अकाउंटेंट संदीप को गबन की गई रकम वापस करने को कहा गया और न करने पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी गई। इस पर आरोपी ने छह दिसंबर 2016 तक का समय मांगा था। बताया कि 6 दिसंबर 2016 को इत्तेफाक से वह अपनी मां व साढ़े नौ साल के भतीजे उत्कर्ष चौधरी के साथ कंपनी गया था और बाहर खड़े होकर बातचीत कर रहा था। तभी अकाउंटेंट संदीप पर उसकी नजर पड़ी और उन्होंने उसे गबन की रकम वापस नहीं करने पर पुलिस से शिकायत की फिर चेतावनी दी। आरोप था कि इससे आक्रोशित होकर संदीप ऑफिस में गया और चाबी लाकर बाहर खड़े ट्रक को स्टार्ट कर तेजी से बैक कर दिया। इस दौरान ट्रक की चपेट में आकर उनके भाई भाजपा नेता उपेंद्र चौधरी के नौ वर्षीय पुत्र उत्कर्ष की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने 302, 307 समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। यह मामला अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय मुकेश आर्य की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष ने अदालत के सामने 14 गवाह पेश किए। गुरुवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया और आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 71 हजार का अर्थदण्ड भी लगाया है।

# धूमधाम से मनाया तीज उत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सखी सहेली ग्रुप द्वारा बड़े धूमधाम से हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। इस तीज उत्सव में महिलाओं और बच्चों द्वारा डांस, सिंगिंग, म्यूजिकल चेयर, रैंप वॉक, डांडिया प्रस्तुत किए गए। सभी प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें तीन पुरस्कार निकाले गए। तीज



क्वीन, लहंगा क्वीन, साड़ी बीएन क्वीन। तीज क्वीन का ताज लता शर्मा के सिर सजा। लहंगा क्वीन की विजेता रश्मि शर्मा तथा साड़ी क्वीन की विजेता रितु गुप्ता रहीं।म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में योगिता बनोला और वंदना गुप्ता, रितु गुप्ता और राखी गुप्ता ने बाजी मारी। कार्यक्रम में सखी सहेली ग्रुप की अध्यक्ष सुमन बार्ष्णेय, महामंत्री खुशबू जायसवाल, कोषाध्यक्ष मन्ना परगाई एंव ग्रुप की सभी सखियों ने मिलकर बहुत ही हर्षोल्लास के साथ तीज का त्यौहार मनाया।

## पेज एक का शेष...

**मनीष सिसौदिया को ...**उनपर शर्तें लगाई जा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को 10 लाख के मुचलके पर जमानत दी है। साथ ही दो बड़ी शर्तें भी लगाई हैं। पहली शर्त ये है कि उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा और दूसरी शर्त ये कि उन्हें हर सोमवार और गुरुवार को थाने में जाकर हाजिरी लगानी होगी। फैसला सुनाए जाने के बाद सीबीआई और ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल मामले की तरह ही शर्तें लगाने का अनुरोध किया था। एएसजी राजू ने कोर्ट से अपील की थी कि केजरीवाल की तरह ही सिसोदिया पर सचिवालय जाने पर रोक लगाई जाए। हालांकि, कोर्ट ने इस अपील को खारिज कर दिया। बता दें दिल्ली के कथित शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद 9 अक्टूबर को ईडी ने भी सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। सिसोदिया पर आबकारी मंत्री रहते हुए मनमाने और एकतरफा फैसला लेने का आरोप है। शराब घोटाले के आरोपी अमित अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे को सिसोदिया का करीबी माना जाता है। आरोप है कि तीनों ने सरकारी अफसरों की मदद से शराब कारोबारियों का पैसा इकट्ठा किया और दूसरी जगह डायवर्ट किया। सीबीआई की एफआईआर के मुताबिक, अर्जुन पांडे ने शराब कारोबारी समीर महेंद्रू से 2 से 4 करोड़ रुपये लिए थे। ये रकम विजय नायर की ओर से ली गई थी। विजय नायर कुछ साल तक आम आदमी पार्टी के कम्युनिकेशन इंचार्ज भी रहे हैं। इस मामले में 17 अगस्त 2022 को सीबीआई ने केस दर्ज किया। इसमें मनीष सिसोदिया, तीन पूर्व सरकारी अफसर, 9 कारोबारी और दो कंपनियों को आरोपी बनाया गया। घोटाले में पैसों की हेराफेरी के भी आरोप थे, इसलिए ईडी भी इसमें शामिल हो गई। केस दर्ज करने के बाद सीबीआई और ईडी ने छापे मारे और गिरफ्तारियां शुरू कीं। ईडी और सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में आरोप लगाया है कि 2021-22 की आबकारी नीति की वजह से दिल्ली सरकार को कथित तौर पर 2,873 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा।

**अगस्त क्रांति दिवस पर ...**गूंज उठा था। यह आंदोलन भारतीय जनता की अविचलित इच्छाशक्ति और ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करने की दृढ़ संकल्पना का प्रतीक है। हम आज उन वीर सपूतों को नमन करते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा, यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारी आजादी कोई उपहार नहीं है, बल्कि यह अनगिनत बलिदानों का परिणाम है। आज का यह श्रद्धांजलि समारोह उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों की याद में है जिन्होंने अपने जीवन की आहुति दी। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनके सपनों का भारत बनाएं। भाजपा जिला प्रभारी पुष्कर काला ने कहा अगस्त क्रांति दिवस भारतीय इतिहास में एक स्वर्णिम पन्ना है। इस दिन, देशभर में लाखों लोगों ने स्वतंत्रता की ज्वाला को प्रज्वलित किया था। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी शामिल हुए और सभी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति अपना कृतज्ञता भाव व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ खड़े होकर देशभक्ति की भावना को संजोया। यह दिवस हमें न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महत्व को याद दिलाता है, बल्कि हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराता है कि हम अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें और इसे एक सशक्त और समृद्ध भारत बनाने में योगदान दें। अगस्त क्रांति दिवस का यह आयोजन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता के लिए हमारा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। हमें अपने राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहना होगा और स्वतंत्रता की उस मशाल को हमेशा जलाए रखना होगा, जो हमारे पूर्वजों ने जलायी थी। इस अवसर पर नारायण पाठक, दीपक मिश्रा, नवल किशोर तिवारी, आदेश मिश्रा, रमेश पाठक, मोहित मिश्रा, श्रीकांत सिंह, अंकित पाठक, त्रिलोकी सिंह, सुरेश शाही, अभिजीत पाठक, शशिकांत शर्मा, करुणाकर मिश्रा, उदय शंकर तिवारी, अभय मिश्रा, त्रिभुवन सिंह, अरुण मणि तिवारी, मोहित सिंह, मयंक तिवारी, विपिन मिश्रा, अखिलेश यादव, संजीव पांडे, सैयद इफ्तार हुसैन, राजेश तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, निर्भय तिवारी, कृष्ण कंधा तिवारी, प्रेम श्रीवास्तव, मुन्ना तिवारी, राज गगनेजा, नरेंद्र ठुकराल, अमित मदन, बंटी खुराना, बिट्टू हूंदीया, धीरज सिंह, राजेश कश्यप, इकबाल अहमद, रामकुमार पांडे, रामू चतुर्वेदी, अजय साहनी, जितेंद्र गौतम, आशीष केसरी, बलजीत गाबा, राकेश सिंह, अनिल चौहान, रजत दिक्षित, नीरज द्विवेदी, महामाया मिश्रा, नवनीत मिश्रा, गुड्डू सिंह, प्रमोद गुप्ता, धर्मराज जायसवाल, गफ्फार खान, अनुज पाठक, सनी कुमार, रामकिशन कोली, सर्वेश कुमार, रविकांत वर्मा, संजीव कुमार सिंह, पंकज पांडे, इकराम हुसैन, जोगिंदर सिंह जिंदू, प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, मूलचंद राठौर, कुलदीप बगगा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**बंग्लादेश में हिंदुओं...**को निशाना बनाया जा रहा है। वहां पर हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान की जाये। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों से इस मामले में जाति धर्म से उपर उठकर विरोध करने का आहवान किया। प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष्ज्ञ चन्द्रपला कोहली, मण्डल अध्यक्ष हरिओम, जिला उपाध्यक्ष किशन यादव, शोभा सक्स्ेना, सोमपाल कोहली, रविन्द्र यादव, अर्जुन, राम अवतार, किशन पाल, सत्यपाल, राजेन्द्र प्रसाद, संजीव गुप्ता आदि समेत कई लोग शामिल थे। वही प्रादेशिक बंगाली कल्याण समिति के शिष्टमण्डल ने जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर बांग्लादेश में हिन्दू नागरिकों पर हो रहे बर्बरतापूर्ण अत्याचार को देखते हुये उनकी सुरक्षा कराने के लिये ठोस कदम उठाने की मांग की है। प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिन्दू समाज के नागरिकों पर अत्याचार एवं उनकी निर्मम हत्या की जा रही हैं। लाखो हिन्दू बांग्ला भाषी परिवारों के सम्बंधी एवं रिश्तेदार बांग्लादेश में हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहे है। इसलिये इनकी जानमाल एवं सम्पत्ति की सुरक्षा के लिये भारत सरकार अपने स्तर से उचित कार्रवाई करने की कृपा करे ताकि हिन्दू परिवारों की रक्षा हो सके। ज्ञापन देने वालों में एड. जीवन राय, एसपी सरकार, सुकुमार, नवकुमार साना, विकास विश्वास, असीम रक्षित,जगदीश कर्मकार, ठाकुर दास, गौर चन्द मण्डल, समीरन विश्वास, विमल घरामी,शंकर चतुवर्ती, नारायण महाजन, समीर राय, माईकल राय, प्रदीप विश्वास, परिमल राय एवं अर्जुन विश्वास सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**अतिथि शिक्षकों ने ...**परेड ग्राउंड से विशाल रैली निकाली थी। लेकिन इस दौरान भी पुलिस द्वारा उन्हें रास्ते में रोक दिया गया। गुरुवार रात्रि को सभी अतिथि शिक्षकों ने कैंडल मार्च कर अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन किया। शुक्रवार को सभी अतिथि शिक्षक परेड ग्राउंड से जुलूस की शक्ल में मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ चले तो पुलिस ने उन्हें एस्ले हॉल के नजदीक बैरिकेडिंग कर रोक दिया गया है। सभी अतिथि शिक्षक बैरिकेडिंग पर ही बैठकर नारेबाजी करने लगे। बता दें कि बीते दिनों स्थाई शिक्षकों के ट्रांसफर होने के बाद उनकी जगह कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों को विद्यालय से हटा दिया गया और उन्हें दूसरी जगह भेजा जा रहा है, जिस कारण अतिथि शिक्षक बोरिया- बिस्तर लेकर दरबदर भटकने को मजबूर हैं। अतिथि शिक्षकों की मांग है कि दुर्गम से दुर्गम क्षेत्र में वह अल्प मानदेय में अध्यापन का कार्य कर रहे हैं, जब विद्यालय में वह सेवाएं दे रहे हैं तो उनके पद को रिक्त ना माना जाए। स्थाई शिक्षक के आते ही उन्हें विद्यालय से हटा दिया जाता है, अपनी इसी मांग को लेकर सभी अतिथि शिक्षक कार्य बहिष्कार पर हैं।

**नाले में बहा मैक्स...**खटीमा,अमनदीप कौर,सीमा, निवासी विजयपुर पकड़िया खटीमा, चालक उवेश आदि शामिल हैं। सोना कौर और मंगल सिंह लापता बताये जा रहे हैं। बता दें कि हर साल मानसून सीजन में किरोड़ा नाला उफान पर बहता है। जहां पूर्व में भी इस तरह की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

**चोरों का आतंक...** से सोने की नथुनी, मांग का टीका, चांदी का दो पायल व 32 हजार रूपये चोरी कर ले गये। वहीं ओम प्रकाश का कहना है कि आज सुबह 6 बजे उठकर देखा घर के बाहर उसकी पेंट पड़ी हुई है। पेंट से मोबाईल व पर्स में रखे एक हजार रूपये चोरी कर लिए गये हैं। जबकि करन ने बताया कि आज सुबह उठकर देखा तो घर से दो मोबाईल व 16 हजार रूपये नदारद थे। पप्पू प्रजापति का कहना है कि आज सुबह 7 बजे उठकर देखा तो एक मोबाईल गायब मिला। सभी भवन स्वामियों ने पुलिस को तहरीर सौंप दी है।

**हथियारबंद लोगों ने ..**कर्मियों के आ जाने पर उक्त लोग भागने लगे । उसका पीछा करते परशुराम चौक पहुंचे तो उक्त लोगो ने पुन: उन पर हमला कर दिया। आरोप है हमलावरों में शामिल वंशुपाल, राजेश , शुभम, रवि मण्डल एवं 4-5 अज्ञात लोगो ने आशीष सरकार को जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर लाठी डन्डे एवं धारदार हथियार व साईकिल का चौनस्पोकेट से जानलेवा वार किया जिससे आशीष सरकार के सिर में काफी गंभीर चोटे आई है। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बांग्लादेश में मारे गए अल्पसंख्यक हिंदुओं को दी श्रद्धांजलि

दिनेशपुर/शक्तिफार्म/(उद संवाददाता)बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और हिंसा में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार की शाम को नगर में कैंडिल मार्च निकाला। कार्यकर्ता जाफरपुर मार्ग पर कांग्रेस कार्यलय में एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने कैंडिल और बैनर के साथ शांति मार्च निकाला। नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सभी सुभाष चौक पहुंचे।वक्ताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग की। बाद में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, ममता हाल्दार, सुमित्तर भुल्लर, नारायण हालदार, तारक बाछाड़, वरुण कपूर, आशुतोष राय, लक्ष्मी राय,के के गाबा,आदि मौजूद थे। **शक्तिफार्म**– बांग्लादेश में हो रहे सनातनी हिन्दुओं पर अत्याचार,निर्मम हत्या,धार्मिक स्थलों की तोड़फोड़,आदि हृदय विदारक घटना से आहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष विष्णु पद प्रमाणिक के नेतृत्व में नगर के राध राधे मंदिर मे बैठक का आयोजन किया। जिसमें बांग्लादेश मे हो रही घटनाओं का निंदा कर जान गवां चुके मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। सभा के बाद कार्यकर्ता शक्तिफार्म पुलिस चौकी पहुंच कर चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी के माध्यम से उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंप बांग्लादेश मे रह रहे हिन्दुओ को हर संभव मदद की मांग की। सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदूओं की निर्मम हत्या की जा रही है धार्मिक स्थलों को तोड़ा जा रहा है और कई घरों को भी जलाया गया। महिलाओ बच्चों पर अत्याचार किये जा रहे हैं। ये घटनायें घटना मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष विष्णु पद प्रमाणिक, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय,मण्डल उपाध्यक्ष विधान दास,पूर्व चेयरमैन सुनील विश्वास,पूर्व डी सी बी चेयरमैन गोपाल रावत,संजय बछाड, अशोक मंडल,विजय बागला, रवि मजूमदार, देवशीष पोद्दार,परेश मण्डल, विक्रम सिंह भंडारी,देवू मण्डल,धीमान सेन, अजीत हालदार, सपन पल्ले,प्रशांत मंडल, कृष्णा मण्डल,पवित्र वावली, दिनेश दास, विकास राय, श्यामल मण्डल, राजा हालदार,मनोज सरकार, सुजीत विश्वास,विरंची वाइन, मनोरंजन वाला, परिमल,असीत मण्डल,शंकर विश्वास,आकाश हालदार,श्याम सुन्दर,अशोक माली आदि लोग मौजूद थे।






# अगस्त क्रांति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों,और अमर शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे, उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता, और सहिष्णुता को मजबूत बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि देश की आजादी में किसी एक जाति या किसी एक वर्ग का हाथ नहीं था, बल्कि सभी लोगों ने धर्म और जाति से ऊपर उठकर देश को आजाद कराने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। आज हमें उनके पद चिन्हों पर चलकर सशक्त,मजबूत,और आत्मनिर्भर भारत बनाने की आवश्यकता है। श्रीमती शर्मा अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर ग्राम छतरपुर में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय होराम सिंह सिरोही के आवास पर उनकी पत्नी श्रीमती हरवीरी देवी को एक सम्मान समारोह में सम्मानित कर रही थी। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा ने अपने तमाम कांग्रेसजनों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होराम सिंह सिरोही की पत्नी श्रीमती हरवीरी देवी को शॉल ओढ़ाकर और फूलमालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया और उनके दीर्घायु की कामना की। यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि 1947 में जब भारत आजाद हुआ तो सभी लोगों ने मिलजुल कर अपने प्राणों की भी परवाह किए बगैर देश को आजाद कराया था। आज हम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं । श्रीमती श्रीमती शर्मा ने कहा कि 9 अगस्त 1942 को आज ही के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने नारा दिया था, करो या मरो,और उसके बाद देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों ने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर ब्रिटिश हुकूमत को भारत से खदैड़ कर देश को आजाद कराया था। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश पंत,महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, सुभाष गिरी, नरेश चंद्र शर्मा, मनोज कुमार, राम प्रसाद, नवल कांडपाल, श्रीमती हरवीरी देवी के सुपुत्र और शिक्षक नेता गुलाब सिंह सिरोही, अरविंद सक्सेना,चिमन गिरी, देवनाथ प्रसाद,मंगल सेन, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



# समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह से की मुलाकात

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा किच्छा मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजीव सक्सेना ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से दिल्ली में मुलाकात कर नगर की विभिन्न समस्यों के संबंध में वार्ता की तथा स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में कर्मचारियों की कमी का भी मुद्दा उठाया। इसके समाधान हेतु शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत द्वारा दिया गया है। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी राजीव सक्सेना ने कहा कि वह लगातार नगर की समस्याओं को लेकर सभी मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं तथा समस्याओं के समाधान हेतु मांग भी कर रहे हैं उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नगर की कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य केंद्र किच्छा की विभिन्न समस्याओं का समाधान शीघ्र करने का आश्वासन दिया है। तथा इसी सप्ताह नगर की समस्याओं को लिखित रूप में पेश करने को कहा जिसके लिए वे समसयों से सम्बन्धित पत्रवालियां बना रहे है।



# जर्जर विद्युत पोल को जल्द बदलने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस जिलाधिकारी उदयराज द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का भ्रमण करने के दौरान निवर्तमान पार्षद गौरी ने उन्हें ज्ञापन सोंपा। जिसमें डाम की दीवार ऊंचा करने और जर्जर विद्युत पोल बदलने की मांग की गई है। तेज बरसात के कारण शहर के जिन इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिलाधिकारी उदयराज सिंह अन्य अधिकारियों के साथ तीन पानी डाम पहुंचे। जहां उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया। तीन पानी डैम में जल भराव के कारण हालात बेहद कठिन हो गए थे और लोगों को पानी के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। डीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मौजूद निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा। डीएम को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि तीन पानी डैम की दीवार को ऊंचा किया जाए ताकि बरसात के कारण हो रहे जल भराव से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में ऐसे कई विद्युत पोल हैं जिनकी हालत बेहद जर्जर हो चुकी है जो कभी भी गिर सकते हैं। ऐसे में उन विद्युत पोलों को तत्काल प्रभाव से बदला जाए ।डीएम ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।



# यूथ कांग्रेस के स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।यूथ कांग्रेस का स्थापना दिवस कांग्रेसियों ने पौधारोपण करके मनाया। यूथ कांग्रेस स्थापना दिवस पर शक्तिफार्म के कुशमोठ वन शक्ति मंदिर में पौधारोपण किया गया। यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मंदिर परिसर मे एकत्र हो कर सर्व प्रथम पूजा अर्चना की उसके बाद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर पौधारोपण किया । उत्तराखंड के प्रभारी सीवी चौहान के आह्वान पर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया । ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है। वनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी नैतिकता के साथ लेकर कर्तव्य निष्ठा का परिचय भी प्रत्येक को देना चाहिये। वन ही जीवन है,इस बात को सदैव स्मरण करना चाहिये। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, रिपुसुदन मण्डल, विभूति प्रसाद, रामपाल साहनी, नारायण सरकार, अमित सरकार, गुरदेव सिंह लखविंदर सिंह, प्रसांत मंडल विनय विश्वास, श्रीकान्त मिस्त्री, प्रदीप सहानी,आदि मौजूद थे।



